सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-27

कक्षा:-6	विषय: अमृत संचय	पाठ:2 कमरे , कमरा और कमरे

(अमृत संचय -पाठ 2)

प्रश्न१) नीलू के घर के कमरों में व्यवस्था क्यों नहीं थी?

उत्तर- नीलू के घर के कमरों में पर्याप्त जगह और व्यवस्था इसलिए नहीं थी क्योंकि सब कमरों में लोग बैठते, सोते, खेलते और खाते थे। जिसके कारण 'सब' कमरों में भीड़भाड़ रहती थी।

प्रश्न २)नीलू के घर में जश्न क्यों मनाया गया?

उत्तर- नीलू की नौकरी लगाने की खुशी में उसके घर में जश्न मनाया जा रहा था।

प्रश्न ३) नील ने कौन- से दो निर्णय लिए ?

उत्तर- नीलू ने ये दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए पहला वह बाहर जाकर नौकरी के साथ-साथ अपनी पढ़ाई जारी रखेगी। दूसरा अपने मन के अनुसार जीवन में कुछ नया कार्य भी करेगी।

प्रश्न ४) 4. नौकरी से मिस नीलिमा गुप्ता बनने से उसमें क्या परिवर्तन आया?

उत्तरः नौकरी मिलने के बाद नीलू आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और स्वतंत्र बन गई। लोग उसे सम्मान देने लगे और उसका व्यक्तित्व निखर गया।